nt>

Title: Need to widen and raise the level of National Highway No. 77 between Janar and Saidpur in Bihar with a view to protect the people of Sitamarhi from floods.

श्री सीता राम यादव (सीतामढ़ी) : उपाध्यक्ष जी, बिहार राज्य के सीतामढ़ी जिले की 25 लाख आबादी सिर्फ एन.एच-77 के कटाव के कारण वर्ा में चार माह राज्य एवं देश से पूरी तरह कटी रहती है। यह शायद देश में पहला जिला है जो देश के सभी भागों से चार माह अलग-थलग रहता है। एन.एच-77 के मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी के बीच जनार से सैदपुर तक पथ को ऊंचा तथा चौड़ाकर बाढ़ से बचाया जा सकता है। बागमती नदी पर आठ साल से निर्माणाधीन पुल तथा तीन जगह टूटे हुए एवं अन्य जर्जर पुलों का निर्माण भी अति आवश्यक है। माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी के द्वारा उपरोक्त स्थल का निरीक्षण किया गया है एवं प्राथमिकता दी गई है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त पथ एवं पुल का निर्माण एक साल के अंदर कराया जाए जिससे सीतामढ़ी की आम जनता को राहत मिल सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only the approved text will go on record, not the whole speech.